# **कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर**

क्रमांक :–शिविरा–माध्य / वि.जाँच / 11400 / 2023–24 / 2024 / ई–**24599** दिनांक :–**यथा हस्ताक्षर**

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**मुख्यालय (माध्यमिक) समस्त**
**राजस्थान**

**विषय :–** सत्र 2024–25 के कक्षा–10 एवं 12 के बोर्ड परिणाम शाला दर्पण पोर्टल पर प्रविष्टि करवाने बाबत।

**प्रसंग :–** इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 31.05.2025 व स्मरण पत्र दिनांक 13.06.2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 का परिणाम जारी किया गया था। इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक **31.05.2025** द्वारा आपको अपने अधीनस्थ माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों से परीक्षा परिणाम की प्रविष्टि दिनांक **08.06.2025** तक शाला दर्पण पर अपलोड करवाकर लॉक करवाने बाबत निर्देशित किया गया था। समसंख्यक स्मरण पत्र दिनांक **13.06.2025** दिये जाने तथा **दूरभाष पर सूचित किये जाने** के उपरांत भी आपके अधीनस्थ समस्त विद्यालयों द्वारा परीक्षा परिणाम की प्रविष्टि शाला दर्पण पर आदिनांक तक नहीं की गयी है। जो कि खेद का विषय है।

अतः आपको अंतिम स्मरण पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि सत्र 2024–25 के परीक्षा परिणाम की प्रविष्टि अधीनस्थ विद्यालयों से करवायी जाकर लॉक करवाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य की मॉनिटरिंग करते हुये विद्यालयों द्वारा विद्यालयवार व विषयवार परीक्षा परिणाम शाला दर्पण पोर्टल पर दिनांक **07.07.2025, 3**00 बजे तक मिशन मोड में अपलोड कर लॉक करवाया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त कार्य निर्धारित अवधि में नही किये जाने / गलत प्रविष्ट किये जाने की स्थिति में संस्था प्रधान सहित आपकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी और आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिये जायेगे।

**(सीता राम जाट)**
**IAS**
**निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर**
**एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (वरिष्ठ)**
**समग्र शिक्षा अभियान**

क्रमांकः– शिविर–माध्य / वि.जाँच / 11400 / 2023–24 / 2024 / 24599 दिनांक **यथा हस्ताक्षर**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव शासन सचिव स्कूल शिक्षा ए शासन सचिवालय, जयपुर
2. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. तकनीकी निदेशक NIC जयपुर।
4. **संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा समस्त को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ सभी जिला शिक्षा अधिकारी को उक्त कार्य का प्रभावी प्रबोधन मिशल मोड पर किया जाना सुनिश्चित करे।**
5. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा समस्त जिले।
6. उपनिदेशक शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि कक्षा 10 एवं 12 का सभी 41 जिलों हेतु **विषयवार एवं विद्यालयवार डाटा लॉक करने हेतु** सत्र **2024–25** हेतु शाला दर्पण के रिजल्ट टैब को दिनांक 07.07.2025 तक LIVE करावे।
7. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभागए कार्यालय हाजा।
8. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
9. **सभी जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक को उक्त कार्य की मॉनिटरिंग कर नियत अवधि में कार्य संपादन करवाया जाना सुनिश्चित करें।**
10. अनुभागाधिकारी, शाला दर्पण अनुभाग कार्यालय हाजा को निर्देशित किया जाता है कि शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर से समन्वय कर सभी 41 जिलों हेतु उक्त आवश्यक कार्यवाही संपादित करावें।
11. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.07.05 17:05:09 IST
Reason: Approved

**निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर**
**एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (वरिष्ठ)**
**समग्र शिक्षा अभियान**